# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 25 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### योगी के रुख पर राज ठाकरे का पलटवार, कहा- प्रवासियों को महाराष्ट्र में काम करने के लिए लेनी पड़ेगी अनुमति



**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य के प्रवासी श्रमिकों को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि अगर श्रमिक महाराष्ट्र आकर काम करना चाहेंगे तो उन्हें भी महाराष्ट्र सरकार की अनुमति लेनी होगी। रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगर दूसरे राज्य चाहते हैं कि यहां के श्रमिक उनके यहां काम करें तो इसके लिए पहले उन्हें प्रदेश की सरकार से अनुमित लेनी होगी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को इस तरह की बातों को गंभीरता से लेना चाहिए।

### पाक में कोरोना संक्रमितों की संख्या 56,349 हुई, अब तक 1,167 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,748 नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या सोमवार को 56,349 हो गई और इस खतरनाक वायरस की वजह से अब तक 1,167 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बताया कि सिंध प्रांत में अब तक संक्रमण के 22,491, पंजाब में 20,077, खैबर पख्तूनख्वा में 7,905, बलूचिस्तान में 3,407, इस्लामाबाद में 1,641 गिलगित-बाल्तिस्तान में 619 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 209 मामले हैं।

### योगी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले का खुलासा, मुझे मिलने थे 1 करोड़ रुपए



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में बड़ा खुलासा हुआहै।खुलासा यह है कि जिस 25 वर्षीय आरोपी कामरान को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने मुंबईसे पकड़ा उस शख्स ने बताया है कि योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के बदले उसे एक करोड़ रुपये मिलने थे।पैसे देने वाले का नाम सामने नहीं आया है।

## देश में कोरोना मरीजों की तादाद 1.39 लाख के करीब

# 24 घंटे में रिकॉर्ड 6977 ताजा केस


**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

देश में सोमवार को लगातार चौथे दिन, एक दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक मामले सामने आए। पिछले 24 घंटे में 6,977 नये मामले सामने के बाद देश में संक्रमण के कुल मामले 1,38,845 हो गए हैं जबकि मृतक संख्या 4,021 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सोमवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 154 लोगों की मौत हुई। मंत्रालय ने बताया कि देश में 77,103 लोग अब भी संक्रमित हैं जबकि 57,720 लोग स्वस्थ हुए हैं और एक मरीज विदेश चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷अब तक 41.57 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हुए हैं।÷ संक्रमण के कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

रविवार सुबह से लेकर अब तक हुई 154 मौतों में से, 58 महाराष्ट्र में, 30 दिल्ली में, 29 गुजरात में, नौ मध्य प्रदेश में, आठ तमिलनाडु में, छह उत्तर प्रदेश में, चार तेलंगाना में, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में तीन-तीन, बिहार में दो और पंजाब तथा उत्तराखंड में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। कुल 4,021 मृतकों में से सबसे अधिक 1,635 मौत महाराष्ट्र में हुई हैं। इसके बाद 858 गुजरात में, मध्य प्रदेश में 290, पश्चिम बंगाल में 272, दिल्ली में 261, राजस्थान में 163, उत्तर प्रदेश में 161, तमिलनाडु में 111 और आंध्र प्रदेश में 56 मौत हुई है। तेलंगाना में मृतक संख्या 53, कर्नाटक में 42 और पंजाब में 40 हो गई है। जम्मू-कश्मीर में बीमारी के कारण 21 लोगों ने, हरियाणा में 16 जबकि बिहार में 13 और ओडिशा में सात लोगों ने जान गंवाई है। केरल, झारखंड और असम में अब तक चार-चार लोगों की मौत हुई है। चंडीगढ़, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कोविड-19 से तीन-तीन लोगों की जबकि मेघालय में अब तक एक व्यक्ति की मौत हुई है। मंत्रालय के डेटा के मुताबिक 70 प्रतिशत से अधिक मौतें अन्य गंभीर बीमारियों के चलते हुई हैं।

## जालंधर में एक साथ मिले कोरोना के 6 मरीज, इसमें 8 व 10 साल का बच्चा भी पाजीटिव

**डेली संवाद, जालंधर**




जालंधर में सोमवार को कोरोना वायरस के 6 नए मामले सामने आए हैं। इनमें एक मरीज गुरु अमरदास नगर व पांच दादा कॉलोनी से आए हैं। जिले में कोरोना से संक्रमित मरीजों की कुल संख?या अब 228 हो गई है। इन नए पॉजिटिव केस में दादा कॉलोनी से 25 वर्षीय युवती, 8 व 10 साल के दो बच?चे, 32 साल युवक व 55 साल का ?यक्ति शामिल हैं। वहीं गुरु अमरदास नगर के पॉजिटिव व्यक्ति की उम्र 56 साल है। अचानक 6 नए केस मिलने से जालंधर प्रशासन फिर सतर्क हो गया है।

### कोरोना बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए तैयार सरकार : केजरीवाल



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ते हैं तो उनकी सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। हालांकि, केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में लॉकडाउन के चौथे चरण में कई सारी रियायतें देने के बाद भी स्थिति नियंत्रण में है। ऑनलाइन प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि लॉकडाउन का चौथा चरण शुरू होने के बाद से कोविड–19 के करीब 3,500 मामले सामने आए हैं। केंद्र ने कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए 25 मई को राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी और 18 मई को इसका चौथा चरण शुरू हो गया था।

## देशभर में 15,000 परीक्षा केंद्रों पर होगी 10वीं और 12वीं की बची हुई बोर्ड परीक्षाएं



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने सोमवार को घोषणा की कि 10वीं और 12वीं की बची हुई बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन देश में पूर्व में नियोजित 3,000 केंद्रों की बजाए 15,000 केंद्रों पर किया जाएगा। कोरोना वायरस लॉकडाउन के मद्देनजर टाली गई परीक्षाओं का आयोजन अब एक जुलाई से 15 जुलाई के बीच होगा। निशंक ने कहा, ÷देश भर में अब 15,000 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं, 12वीं की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले सीबीएसई केवल 3,000 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित करने वाला था। यह फैसला परीक्षा केंद्रों पर सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों की केंद्रों तक की दूरी कम करने के लिए लिया गया है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने पहले ही घोषणा की थी कि विद्यार्थी उन स्कूलों में परीक्षा देंगे जहां वे पंजीकृत हैं न कि किसी बाहरी परीक्षा केंद्र पर। गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कोविड-19 निरुद्ध क्षेत्रों में कोई परीक्षा केंद्र नहीं होगा।

## चीन से लंबी भिड़ंत की तैयारी

# तनाव के बाद भी भारत लद्दाख में निर्माण कार्य रखेगा जारी

**डेली संवाद,नई दिल्ली**



चीन के साथ तनाव के बावजूद सीमा पर सड़क और दूसरा निर्माण कार्य जारी रहेगा। लद्दाख में चीन के साथ तनाव की एक बड़ी वजह भारत द्वारा बार्डर एरिया में सड़क और बार्डर फोर्टिफिकेशन है। चीन नहीं चाहता कि भारत सीमा पर किसी भी तरह का कोई निर्माणकार्य करे। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत की तरफ से निर्माण कार्य जारी रहेगा। भारतीय सेना ने बड़ी तेजी से सैनिकों और जरूरी मैटीरियल्स फॉरवर्ड पोजिशंस पर पहुंचाने शुरू कर किया है। चीन ने पैंगोंग झील के पास टेंट लगाए तो भारत ने भी अपनी पोजीशन संभाल ली है। भारत सरकार के सूत्रों ने साफ कर दिया है कि चीन अब चाहे जितना भी आब्जेक्शन करे, लाइन ऑफ एक?चुअल कंट्रोल, चाहे वो लद्दाख में हो या फिर और कहीं उत्तराखंड में हो जितनी भी सड़के हैं, सामरिक रोड हैं वो सभी काम जारी रहेगा। चाहे चीन कितनी भी आपत्ति करें। जिसके बाद से संकेत साफ है कि भारत लंबे स्टैंड-ऑफ के लिए तैयार है। डिप्लोमेटिक और ग्राउंड लेवल पर मिलिट्री में बातचीत हो रही है मगर इस तनाव का कोई हल नहीं निकलता दिख रहा।

## दूध के टैंकर में अवैध शराब की सप्लाई करने वाला आरोपी काबू




**चण्डीगढ।** चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा लगातार अवैध रूप से शराब और ड्रग की तस्करी करने वालों पर पूरी तरह से शिकंजा कस रखा है। पुलिस आए दिन कोई न कोई नशे की तस्करी करने वाले आरोपियों को लगातार काबू कर रही है। वही क्राइम ब्रांच की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर दूध के टैंकर में अवैध रूप से शराब की सप्लाई करने वाले आरोपी को शराब के टैंकर समेत काबू किया है। जिसकी पहचान फेज 5 पंजाब के जिला मोहाली के रहने वाले गौरव खत्री के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार को क्राइम ब्रांच पुलिस क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर रंजीत सिंह के सुपर विजन में थाना इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र एरिया के अंतर्गत पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। कि दूध वाला टैंकर जिसमें शराब सप्लाई हो रही है। जो कि चंडीगढ़ से गुजरात जाएगा। पुलिस द्वारा मामले की सूचना पाते ही पोल्ट्री फार्म चौक के पास नाका लगा लिया । नाके के दौरान बताएगी इंफॉर्मेशन के आधार पर जैसे ही दूध वाला टैंकर फेज एक ही तरफ से आया तो पुलिस ने तुरंत दूध वाले टैंकर को रेकक्र चालक से पूछताछ की जब टैंकर की चैटिंग की तो पुलिस को 440 शराब की पेटियां बरामद हुई।

# कोरोना के बढ़ते केसों से दहशत का आलम, दिल्ली–गाजियाबाद बॉर्डर सील



**गाजियाबाद ।** कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या बढने का सिलसिला जारी है।?इसी सिलसिले को बढ़ता देख गजियाबाद जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण?फैसला लेते हुए दिल्ली-गाजियाबाद बॉर्डर सील कर दिया है। इस बार्डर से अब सिर्फ उन्हीं को गुजरने की अनुमति है जिनके पास पास है।?बॉर्डर सील करने के आदेश के बाद गाजियाबाद से दिल्ली काम करने जाने वालों के बीच हड?प मच गया है। माल ढुलाई, बैंकिंग सेवाओं और आवश्यक वस्तुएं लाने-ले जाने वाले वाहनों को पास लेकर चलना जरूरी होगा। बॉर्डर पर तैनात पुलिस पूछताछ कर सकेगी। पुलिस पास चेक करेगी और जब आश्वास्त होगी, तभी किसी को गाजियाबाद में प्रवेश दिया जाएगा। गाजियाबाद में कोरोना वायरस के अबतक 230 से अधिक केस सामने आ चुके हैं, जिनमें से अधिकतर पिछले एक हफ्ते में सामने आए हैं।?जिले में अबतक दो लोगों की कोरोना वायरस के कारण मौत भी हो चुकी है। दरअसल, ना सिर्फ गाजियाबाद-नोएडा बल्कि दिल्ली में भी बीते दिनों में कोरोना वायरस के मामलों में उछाल आया है।?ऐसे में लॉकडाउन में मिली ढील के कारण लोगों को इधर-उधर आनाजाना भी शुरू हो गया है। हालांकि डीएम ने कहा कि डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस, बैंक कर्मियों को पास की जरूरत नहीं होगी। इन लोगों को अपना परिचय पत्र ही दिखाना काफी होगा। उनके परिचय पत्र को देखकर उन्हें बॉर्डर पार करने दिया जाएगा। वहीं ऐंबुलेंस बिना किसी रोक-टोक के आ-जा सकेंगी।

# आज से नौतपा की शुरुआत, आसमान से बरसेगी 'आग', इन राज्यों में रहेगी प्रचंड गर्मी

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

आज से लू का रेड अलर्ट जारी हो चुका है। अब आसमान से धूप के रूप में आग बरसेगी क्योंकि सोमवार से नौतपा की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय मौसम विभाग (द्रब्स्ठ) के अनुसार अब झुलसा देने वाली गर्मी से सामना होने वाला है। कुछ उत्तरी राज्यों में लू का भी खतरा बताया गया है, जिसका मतलब साफ है कि अगले कुछ दिन सूर्य देव जमकर परीक्षा लेने वाले हैं। इन दिनों में पानी खूब पीना चाहिए। तेज गर्मी से बचने के लिए दही और दूध का उपयोग ज्यादा किया जाना चाहिए। साथ ही नारियल पानी और ठंडक देने वाली दूसरी चीजें भी खाई जा सकती हैं। राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और तेलंगाना के अधिकतर हिस्से भीषण लू की चपेट में रह सकते हैं। इन राज्यों में लगातार तापमान बढ़ने की संभावना के चलते 'रेड' वार्निंग दी गई है।



पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए 'ऑरेंज' वार्निंग जारी की गई है। बता दें कि मौसम विभाग गंभीरता के आधार पर रंगों का चयन करते हुए इलाकों को वर्गीकृत करता है। मसलन सबसे कम खतरा ग्रीन और सबसे ज्यादा खतरा रेड वार्निंग में होता है। पंजाब, हरियाणा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, उत्तरी कर्नाटक में भी अगले 3-4 दिन लू का खतरा बना रहेगा। यानी इन क्षेत्रों में तापमान 45-47 डिग्री तक पहुंचने की पूरी आशंका है।

**सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश से शुरू होता है नौतपा**

हिंदू मान्यता के अनुसार, सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा प्रारंभ हो जाता है। नौतपा के दौरान सूर्य की लंबवत किरणें धरती पर प?ती हैं, लेकिन इस बार शुक्र तारा अस्त होने से देश के कई हिस्सों में बारिश, आंधी आ सकती हैं। सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 15 दिनों के लिए आता है तो उन दिनों के पहले नौ दिन सर्वाधिक गर्मी वाले होते हैं। इन्हीं शुरुआती नौ दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। यदि इन नौ दिनों में बारिश न हो और न ही ठंडी हवा चले तो माना जाता है कि इस बार बारिश अच्छी होगी। यानी नौतपा में जितनी गर्मी उतनी अच्छी बारिश, लेकिन इस बार 31 मई को शुक्र तारा अस्त हो रहा है। शुक्र ग्रह रस प्रदान करने वाला है इसलिए इस बार नौतपा में बारिश, आंधी और तूफान आदि आएंगे। यह प्रभाव नौतपा के आखिरी दो दिन में अधिक देखने को मिलेंगे।

### बस पॉलिटिक्स के बीच चर्चा में आए प्रियंका के निजी सचिव, डॉ. मनमोहन सिंह को दिखा चुके हैं काला झंडा



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

कोरोना काल के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को प्रवासी मजदूरों को उनके घर भेजने के लिए 1,000 बसें उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। हालांकि कांग्रेस की यह कोशिश नाकामयाब रही क्योंकि योगी सरकार और कांग्रेस के बीच मुद्दा प्रवासी मजदूरों को घर भेजे जाने से पलट कर बसों पर टिक गया और बस की राजनीति जैसे शब्दों के साथ दोनों धड़ो की राजनीति शुरू हो गई। लेकिन प्रियंका गांधी को यह ख्याल कहां से आया होगा कि यूपी सरकार को प्रवासी मजदूरों के लिए बसें उपलब्ध कराई जाए ? दरअसल, प्रियंका गांधी को यह आइडिया देने वाले उनके निजी सचिव संदीप सिंह हैं।





